## खबर संक्षेप



### जागरूकता शिविर में अधिकारों की दी जानकारी

**कटनी।** ढीमरखेड़ा न्यायालय परिसर में शनिवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा उपस्थित पक्षकारों एवं आमजनों को भारतीय संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नागरिक को संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर उनका संरक्षण कर सकें। नागरिकों को विधिक सहायता से संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी गई।

### अच्छी बारिश नहीं होने से पिछड़ रही खरीफ फसलों बोवनी

**उमरियापान।** उमरियापान-ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में मानसून की धीमी रफ्तार ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश नहीं होने से खरीफ सीजन की बुवाई प्रभावित हो रही है। किसान अच्छी बारिश की उम्मीद में आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।तहसील क्षेत्र के कई गांवों में किसानों ने खेतों की जुताई और बुवाई की तैयारी पूरी कर ली है, लेकिन मिट्टी में पर्याप्त नमी नहीं होने के कारण अधिकांश खेत अब भी खाली पड़े हैं। वहीं जिन किसानों ने शुरुआती बारिश के भरोसे धान, सोयाबीन, मक्का और उड़द की बुवाई कर दी थी, उनकी फसलों के अंकुरण और बढ़वार पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं।किसानों का कहना है कि खरीफ फसलों के लिए समय पर अच्छी बारिश होना बेहद जरूरी है। लगातार वर्षा नहीं होने से मिट्टी की नमी तेजी से कम हो रही है, जिससे फसलों का विकास प्रभावित हो रहा है। किसानों के अनुसार इस वर्ष मानसून काफी देर से सक्रिय हुआ है और क्षेत्र में अब तक अपेक्षित बारिश नहीं हुई है। यही वजह है कि खेती-किसानी का काम प्रभावित हो रहा है और किसान चिंतित हैं। अब पूरे क्षेत्र के किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं। अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

### आपत्तिजनक पोस्ट पर युवक को किया गिरफ्तार

**कटनी।** कुठला पुलिस ने अरमान द्विवेदी 29 वर्ष निवासी पन्ना मोड़ को गिरफ्तार किया। आरोपित द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित की गई थी, जिससे क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कार्यपालिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। थाना प्रभारी अखलेश दाहिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ या आपत्तिजनक सामग्री साझा करना दंडनीय अपराध है। साइबर सेल टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी रखी जा रही है।

### नदियों से किया जा रहा रेत का अवैध दोहन, देखकर अनदेखी कर रहे जिम्मेदार

# रसूक तो कहीं संरक्षण में हो रहा रेत का अवैध कारोबार, सड़कों में दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

जिले में नदियों व नालों से सारे नियम कायदों और सरकारी फरमान की धज्जियां उड़ाते हुए माफियाओं द्वारा खनिजों का मनमाने तरीके से दोहन किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा खनिज के अवैध दोहन एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के भले ही दावे किये जा रहे हैं लेकिन माफियाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है। लोगों की शिकायतों पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तगड़े मुनाफे के चलते रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। नियमों को दरकिनार कर मनमाफिक ढंग से नदियों व नालो से पोकलेन व जेसीबी मशीनों द्वारा खुलेआम रेत की निकासी की जा रही है। कहीं चोरी-छिपे तो कहीं सेटिंग से इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। खनिज के मनमाने उत्खनन से जहां नदियों व घाटों का स्वरूप तहस-नहस हो रहा है वहीं दूसरी ओर जलीव जीव भी बेमौत मारे जा रहे हैं।

रेत माफिया खुलेआम न केवल नदियों से



रेत का उत्खनन करवाते है अपितु नदियों से सीधे ट्रक हाइवा में रेत भरकर तिरपाल से ढंककर रेत का परिवहन करते हैं। बड़वारा थाना के बगल से एवम सामने से खुलेआम रेत का परिवहन करते हैं इनके ऊपर कार्रवाई नही किये जाने से ये कानून की परवाह नही करते हैं। एनजीटी के निर्देशों की धज्जियां उड़ाते हुए नदियों में बेखौफ होकर रेत का उत्खनन किया जा रहा है और शासन को राजस्व का चूना लगाया जा रहा है बावजूद प्रशासन मौन धारण किया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि माफिया बिना अनुमति रेत का अवैध कारोबार चला रहे है गुर्गों के दम पर अवैध कारोबार चल रहा है। ग्रामीणों को धमकी देकर अवैध तरीके से गांव की नदियों से रेत निकालकर बड़े पैमाने पर बेचकर शासन को चूना लगा रहे हैं। पुलिस, माइनिंग, राजस्व विभाग मौन धारण किये है जिससे रेत माफियाओं के हौंसले बुलंद है।। रेत माफिया के द्वारा नियम कायदों को दरकिनार कर अवैध तरीके से कारोबार चल रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि सब कुछ जानते हुए भी इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगा पा रही है। रेत माफियाओ को कहीं राजनीतिक संरक्षण मिला हुआ है तो कहीं स्थानीय राजस्व व पुलिस अधिकारियों द्वारा अभयदान है। संरक्षण और सेटिंग के चलते रेत माफिया बेधड़क मन मुताबिक नदियों व नालों से रेत की निकासी कर रहे है। डंपरो, हाईवा सहित अन्य भारी वाहनों में क्षमता से अधिक खनिजों का परिवहन किया जा रहा है इससे मुख्य मार्गों सहित अन्य ग्रामीण मार्गों की सूरत बदहाल हो जाती है। माफियाओ को मिली सरपरस्ती का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यदि ग्रामीणों द्वारा अवैध उत्खनन या परिवहन का विरोध करते हुए कार्यवाही के लिए पुलिस या राजस्व अधिकारियों को सूचना भी दी जाती है तो जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता।

रेत का अवैध उत्खनन परिवहन में स्थानीय कुछ सफेदपोशों का भी संरक्षण मिला है। हावी रेत माफियाओं के हौसले यहां तक बढ़ गये हैं कि रेत की निकासी के लिए नदियों की प्राकृतिक धाराओं को ही मोड़ दिया जाता है। ओवरलोड भारी भरकम हाईवा बेरोकटोक सड़को पर दौड़ रहे है। 50-50 टन वजनी हाईवा जहां से भी गुजरते है वही सड़को की शामत आ जाती है। वाहनो के साइड लेते ही किनारे से सड़क टूटने के अलावा कभी दबकर ढाल बनने तो कही अधिक दवाब से गढडा बन जाता है। सड़को का दम निकाल रहे भारी भरकम ओवरलोड वाहनों पर कभी कभार ही दिखावे की कार्यवाही होती है। नतीजन सड़के बर्बाद हो रही है। ग्रामीण सड़को के अलावा शहर की अंदरूनी सड़को में भी भारी वाहनों की धमाचौकड़ी से सड़कों का दम निकल रहा है।

## कातिलाना हमले के आरोपी को सात साल का कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

हत्या के प्रयास के मामले में न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कटनी ने आरोपी को 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने एन.के.जे. थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए इस जानलेवा हमले के आरोपी जितेंद्र वंशकार को दोषी करार देते हुए 500 के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, घटना 10 मार्च 2025 की सुबह लगभग 8:00 बजे की है। ग्रीन कॉलोनी शिवाजी वार्ड, एनकेजे निवासी और वर्तमान पार्षद फाहिदा अहमद के पति आफताब अहमद उर्फ चोखे भाईजान 55 वर्ष मेन बाजार बजरिया में अपने भाई और साथियों के साथ चाय पी रहे थे तभी उड़िया मोहल्ला निवासी आरोपी जितेंद्र वंशकार 24 वर्ष वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। जब आफताब अहमद ने गाली देने से मना किया, तो आरोपी ने जान से मारने की नीयत से जेब से धारदार चाकू निकालकर उनके गले पर वार कर दिया। बचाव में हाथ की उंगली भी कटीः गले पर चाकू लगने से आफताब अहमद लहूलुहान हो गए। जब आरोपी ने दोबारा वार किया, तो उन्होंने चाकू को हाथ से पकड़ लिया, जिससे उनके बाएं हाथ की उंगली में भी गंभीर चोट आई। मौके पर मौजूद लोगों के चिल्लाने और बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। इसके बाद घायल को तुरंत जिला अस्पताल कटनी में भर्ती कराया गया था।

पीड़ित की शिकायत पर एनकेजे पुलिस ने अपराध दर्ज कर साक्ष्य जुटाकर आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 109(1), और 351(3) बीएनएस के तहत न्यायालय में आरोप पत्र (चार्जशीट) पेश किया था। प्रकरण में जिला अभियोजन अधिकारी गणेश कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक व सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी हरिकृष्ण त्रिपाठी एवं बृजेन्द्रनाथ शर्मा की मुख्य भूमिका रही। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने न्यायालय के समक्ष सभी महत्वपूर्ण गवाह, दस्तावेजी और वैज्ञानिक साक्ष्य पेश किए। न्यायालय ने अभियोजन के अकाट्य तर्कों से सहमत होते हुए आरोपी जितेंद्र वंशकार को धारा 109(1) हत्या का प्रयास के तहत दोषी पाते हुए 07 वर्ष के सश्रम कारावास और 500 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

## 1.73 लाख से अधिक बच्चों को दवा पिलाने अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले को पोलियो मुक्त बनाने के संकल्प के साथ 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का व्यापक आयोजन किया जाए। अभियान के दौरान जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी 1 लाख 73 हजार 737 बच्चों को पोलियो की दवा की दो बूंद पिलाई जायेगी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे रविवार 28 जून को अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को निकटतम पोलियो बूथ पर ले जाकर पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं। पोलियो उन्मूलन के राष्ट्रीय अभियान में जनसहभागिता ही इसकी सबसे बड़ी सफलता है।

जिले की करीब 16 लाख की आबादी में से 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दवा पिलाने के कार्य की शत-प्रतिशत निगरानी सुनिश्चित की जायेगी।

कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश के बाद अभियान के सफल संचालन के लिए जिले के 6 विकासखंडों, 1 जिला चिकित्सालय, 1 सिविल अस्पताल, 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 18 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 80 सेक्टर एवं 187 उप स्वास्थ्य केंद्रों का स्वास्थ्य अमला सक्रिय रहेगा।

पल्स पोलियो अभियान के दौरान रविवार को जिले में कुल 1670 स्थायी बूथ स्थापित किए जाएंगे, जिनमें 288 शहरी और 1382 ग्रामीण क्षेत्र के बूथ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त दूरस्थ क्षेत्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और आवागमन वाले प्रमुख स्थानों पर 75 ट्रांजिट बूथ तथा विशेष पहुंच वाले क्षेत्रों के लिए 27 मोबाइल टीमें तैनात रहेंगी।

कलेक्टर के निर्देशानुसार पोलियो की खुराक लेने से वंचित बच्चों के घर जाकर सोमवार 29 जून और मंगलवार 30 जून को स्वास्थ्य कर्मी दवा पिलायेंगे।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अभियान को सफल बनाने के लिए 3 हजार 354 टीकाकरण कर्मियों एवं 162 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं निगरानी एवं पर्यवेक्षण के लिए चिकित्सा अधिकारियों की विशेष जिम्मेदारी तय की गई है।

अभियान के लिए 11 हजार वायल (2 लाख 20 हजार डोज) पोलियो वैक्सीन की जरूरत है।जो उपलब्ध हो गई है।वैक्सीन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जिले में 36 आईएलआर, 35 डीप फ्रीजर, 79 कोल्ड बॉक्स और 1 हजार 700 वैक्सीन कैरियर उपलब्ध कराए गए हैं।

अभियान के संचालन एवं निगरानी के लिए 43 चार पहिया और 242 दो पहिया वाहन लगाए गए हैं, जिससे जिले के दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

## योजनाओं से समृद्ध हो रहे पशुपालक, बदल रही गांवों की तस्वीर

**कटनी।** जिले में पशुपालन को सशक्त स्वरोजगार के रूप में स्थापित करने की दिशा में कलेक्टर आशीष तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में पशुपालन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। विभाग द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से न केवल निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हुई है, बल्कि हजारों पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया गया है।

पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देते हुए 3600 के लक्ष्य के विरुद्ध 2386 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किए गए। इनमें से 1793 प्रकरण स्वीकृत हुए, जिनके माध्यम से 24 करोड़ 93 लाख 59 हजार रुपये से अधिक की राशि पशुपालकों के खातों में सीधे हस्तांतरित की गई। शेष प्रकरणों पर कार्य प्रगति पर है। वहीं, आचार्य विद्यासागर योजना में विभाग ने लक्ष्य से अधिक सक्रियता दिखाते हुए 12 के लक्ष्य के विरुद्ध 33 प्रकरण भेजे, जिनमें से 9 स्वीकृत हुए। इस योजना के तहत 51 लाख 80 हजार रुपये का ऋण वितरण कर लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया। कामधेनु योजना के तहत भी विभाग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य से अधिक प्रकरण बैंकों तक पहुंचाए। इस योजना में 1 करोड़ 31 लाख 80 हजार रुपये की राशि स्वीकृत कर वितरित की गई, जिससे पशुपालकों को आर्थिक मजबूती मिली। पशुपालन विभाग की इन उपलब्धियों ने जिले की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान की है।

## बिना अनुमति कराए जा रहे निर्माण कार्यों पर कार्रवाई, सामग्री की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा बिना सक्षम अनुमति के नगर के विभिन्न वार्डों में आम नागरिकों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों एवं भवन अनुज्ञा की शर्तों के विपरीत किए जा रहे निर्माण पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार प्रातः प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निगम के अतिक्रमण अमले ने दुगाड़ी नाला के समीप स्थित राय कॉलोनी में निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान चार भवनों में बिना सक्षम अनुमति निर्माण कार्य कराया जाना पाया गया। इस पर निगम की टीम ने तत्काल निर्माण कार्य रुकवाते हुए नियमानुसार पंचनामा तैयार किया तथा निर्माण में



प्रयुक्त सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की। निगम प्रशासन द्वारा संबंधित निर्माणकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी से विधिवत भवन अनुज्ञा प्राप्त करना अनिवार्य है। आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य किए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि भवन निर्माण से पूर्व सभी आवश्यक वैधानिक अनुमतियां प्राप्त करें तथा निर्धारित नियमों का पालन करें, ताकि अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। निगम द्वारा शहर में अनाधिकृत निर्माण कार्यों के विरुद्ध निरीक्षण एवं कार्रवाई का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### स्मार्ट क्लास से बढ़ी सीखने की गुणवत्ता

## डिजिटल शिक्षा से निखर रहा जिले का शैक्षणिक परिदृश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक और अभिनव परिवर्तन देखने को मिल रहा है। कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में कक्षा 6, 7 एवं 8 केलिए विशेष रूप से तैयार ई-मटेरियल के माध्यम से स्कूली शिक्षा अब पारंपरिक सीमाओं से आगे बढ़कर अधिक रोचक, इंटरैक्टिव और प्रभावी बनती जा रही है। डाइट कटनी की टीम द्वारा शनिवार को विकासखंड कटनी के माध्यमिक शाला बरगवां के निरीक्षण के दौरान इस नवाचार का सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला, जहां विद्यार्थी स्मार्ट बोर्ड के जरिए आधुनिक तरीके से सीखते नजर आए।

डिजिटल सामग्री का सबसे



अधिक सकारात्मक प्रभाव गणित जैसे विषयों में देखा गया है। विशेष रूप से ज्यामिति की जटिल अवधारणाएं, जिन्हें पहले समझना चुनौतीपूर्ण होता था, अब स्मार्ट बोर्ड पर दृश्यात्मक प्रस्तुति के माध्यम से सहजता से समझाई जा रही हैं। रंगीन चित्रों और एनीमेशन की सहायता से विद्यार्थियों की अवधारणाएं अधिक स्पष्ट हो रही हैं, जिससे विषय के प्रति उनकी रुचि भी बढ़ी है।

### बच्चों में उत्साह, शिक्षकों को मिला नया माध्यम

निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद में यह सामने आया कि अब पढ़ाई बच्चों के लिए बोझ नहीं, बल्कि एक आनंददायक अनुभव बन गई है। विद्यार्थियों के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया। वहीं शिक्षकों ने भी ई-मटेरियल को एक प्रभावी शिक्षण साधन बताते हुए कहा कि इससे कठिन पाठों को सरल, आकर्षक और समझने योग्य ढंग से प्रस्तुत करना संभव हुआ है।

### डिजिटल भविष्य की दिशा में मजबूत पहल

कलेक्टर श्री तिवारी के मार्गदर्शन में डाइट कटनी की यह पहल जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के साथ-साथ डिजिटल साक्षरता को भी बढ़ावा दे रही है। बरगवां की स्मार्ट क्लास व्यवस्था अन्य विद्यालयों के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल बनकर उभरी है, जो आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव का आधार बन सकती है।



खबर संक्षेप

## बाड़ी में लगे थे गांजे के पौधे, पुलिस ने किये जब्त

**कटनी।** ग्राम घुघरी निवासी एक व्यक्ति के घर की बाड़ी से पुलिस ने गांजे के हरे पौध जब्त किये हैं। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य व अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन पर निरीक्षक अभिषेक चौबे थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार ग्राम घुघरी में सुरेश चौधरी के घर के सामने बाड़ी में गांजा के पौधे जैसे हरे रंग के तीन नग पौधे दिखाई दिये, पौधों को उखड़वाकर चेक किया गया, मादक पदार्थ गांजा के पौधे होना पाये गये, तौल कार्यवाही के दौरान कुल बजनी 570 ग्राम मिले, आरोपी सुरेश चौधरी पिता स्व. सेमाली चौधरी 44 वर्ष निवासी ग्राम घुघरी के विरूद्ध अपराध धारा 8/20 एन.एन.पी.एस. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, उनि शैलेन्द्र सिंह, सउनि संतोष कुमार स्वामी, आरक्षक पप्पू प्रजापति की मुख्य भूमिका रही।

## देर रात तक मुस्तैद रहा निगम का अमला

**कटनी।** मोहर्रम पर्व के अवसर पर नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर में स्वच्छता, यातायात एवं जन सुविधाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की गईं। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार पर्व के दौरान निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी देर रात तक विभिन्न आयोजन स्थलों, ताजिया मार्गों तथा कर्बला परिसर में मुस्तैदी के साथ तैनात रहे और निगम की व्यवस्थाओं का सतत निरीक्षण करते रहे। निगम प्रशासन द्वारा जुलूस मार्गों एवं प्रमुख स्थलों पर आवश्यकतानुसार स्वच्छता मित्रों, हांका टीम तथा अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिससे आयोजन के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। वहीं कर्बला घाटों पर समुचित प्रकाश, जनरेटर, कृत्रिम जलकुंड, पेयजल व्यवस्था का उपयुक्त शैलेश गुप्ता एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी की गई तथा व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए। मोहर्रम पर्व के आयोजन संपन्न होने के बाद शनिवार प्रातः से ही नगर निगम की टीम ने विशेष सफाई अभियान प्रारंभ किया। अभियान के दौरान जुलूस मार्गों सहित आसपास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर अपशिष्ट का तत्काल उठाव किया गया।

## मानवाधिकारों पर लघु फिल्म प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित

**कटनी।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) द्वारा मानवाधिकार विषय पर वार्षिक लघु फिल्म प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई हैं। प्रतिभागी 30 जून तक अपनी प्रविष्टियाँ ऑनलाइन माध्यम से भेज सकते हैं। प्रतियोगिता में चयनित फिल्मों को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 2 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1.5 लाख रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, 4 चयनित फिल्मों को विशेष पुरस्कार के रूप में 50-50 हजार रुपये, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु लघु फिल्में अंग्रेजी या किसी भी भारतीय भाषा में बनाई जा सकती हैं, बशर्ते उनमें अंग्रेजी उपशीर्षक अनिवार्य हों। फिल्म की अवधि न्यूनतम 3 मिनट तथा अधिकतम 10 मिनट निर्धारित की गई है। प्रतिभागी वृत्तचित्र, वास्तविक घटनाओं पर आधारित नाट्य रूपांतरण या काल्पनिक कथानक सहित किसी भी तकनीकी प्रारूप (एनीमेशन सहित) में फिल्म प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रतियोगिता के लिए जीवन, स्वतंत्रता, समानता एवं गरिमा का अधिकार, बंधुआ एवं बाल श्रम, महिला एवं बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं, दिव्यांगजनों के अधिकार, स्वच्छता से जुड़े मुद्दे, स्वास्थ्य सेवाएं, मानव तस्करी, घरेलू हिंसा, पुलिस अत्याचार, हिरासत में हिंसा, सामाजिक-आर्थिक असमानताएं, शिक्षा का अधिकार, पर्यावरण संरक्षण मानवाधिकारों से जुड़े विविध विषय निर्धारित किए गए हैं।

### मुख्यमंत्री ने किया टिकरिया कैलवारा में रेडीमेड गारमेण्ट क्लस्टर का ऑनलाईन भूमिपूजन

# जिले के 55 औद्योगिक इकाइयों को 13.2 करोड़ रूपये की राशि की गई अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग दिवस पर भोपाल में आयोजित सशक्त उद्यमी, समृद्ध मध्यप्रदेश समिट से कटनी जिले के सभी उद्यमियों, स्टार्ट-अप क्रिएटर्स, कारीगरों एवं श्रमिकों को रेडीमेड गारमेण्ट क्लस्टर के रूप में बड़ी सौगात दिया है।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कटनी जिले के टिकरिया कैलवारा औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए स्वीकृत 445.85 लाख रुपए की राशि से करीब 2.98 हेक्टेयर भू-क्षेत्र में बनने वाले रेडीमेड गारमेण्ट क्लस्टर का आनलाइन भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कटनी जिले के 55 औद्योगिक इकाइयों को 13.2 करोड रूपये की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित किया।

इधर कटनी के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष से विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, कलेक्टर आशीष तिवारी , जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी और महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार श्रीमती ज्योति सिंह, प्रबंधक राजेश पटेल और उद्यमी व उद्योगपति वर्चुअली जुड़े रहे।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विधायक श्री जायसवाल से वर्चुअली चर्चा के दौरान कहा कि कटनी के विकास के लिए आपका सतत प्रयास रंग ला रहा है। विधायक श्री जायसवाल ने बताया कि प्रारंभिक चरण में 67 औद्योगिक प्लॉट विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें से लगभग 50–60 प्लॉटों के लिए उद्यमियों द्वारा सहमति भी प्रदान की जा चुकी है। इससे नए उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने में बड़ी आर्थिक सहायता मिलेगी और 600 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जिले में विशेष रूप से गारमेंट उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह परियोजना कटनी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए दी जा रही एमएसएमई प्रोत्साहन योजना 2025 को विधायक श्री जायसवाल ने उद्योगों के विकास के नजरिए से मील का पत्थर बताया। इस योजना के तहत स्थापित होने वाली इकाईयों को प्लांट और मशीनरी में निवेश का 40 प्रतिशत सब्सिडी देने का प्रावधान किया है। इस सहायता का लाभ लेने वाली औद्योगिक इकाई को कुल सहायता उसके द्वारा किये गये स्थायी पूंजी निवेश के 200 फीसदी तक सीमित होगी।

विदित हो कि मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व में सिर्फ बरगवां औद्योगिक क्षेत्र ही संचालित था। लेकिन 2013 के बाद से विधायक श्री जायसवाल के सतत प्रयासों एवं विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र में लमतरा औद्योगिक क्षेत्र, अमकुही औद्योगिक क्षेत्र , तखला औद्योगिक क्षेत्र एवं कैलवारा (टिकरिया) औद्योगिक क्षेत्र के साथ औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिली है। इन सभी औद्योगिक क्षेत्रों के समग्र विकास से कटनी एक सशक्त औद्योगिक हब बनने की दिशा में अग्रसर होगा।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कटनी जिले के उद्योगपति अमित सिंघई से वर्चुअली संवाद करते हुए दाल मिलर्स को शासन द्वारा मिली छूट का जिक्र करते हुए रेडीमेंट वस्त्र निर्माण औद्योगिक क्षेत्र के भूमि पूजन से अवगत कराया। इस पर श्री सिंघई ने रेडीमेड वस्त्र निर्माण व्यापारी संघों की तरफ से मुख्यमंत्री डॉ यादव को इस बड़ी सौगात के लिए धन्यवाद दिया।

## रेत के अवैध परिवहन पर दो ट्रेक्टर ट्राली किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



रेत का अवैध परिवहन करने पर पुलिस ने 2 ट्रेक्टर ट्राली को जब्त किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा के नेतृत्व में सिलौडी चौकी पुलिस द्वारा की गई। पुलिस को ग्राम दसरमन महादेवी के पास अवैध रूप से रेत परिवहन करने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर तस्दीक की गई जो दो ट्रैक्टर मय ट्राली रेत से भरे पाए जाने पर ट्रैक्टर चालकों से पूछताछ की गई जो ट्रैक्टर मालिक मोहन उर्फ बड्डू पटेल पिता बच्चू पटेल 38 निवासी दशरमन, रामकिशोर लोधी पिता सुशील कुमार 35 निवासी दसरमन के कब्जे से धारा 106 बी एन एस एस तहत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। जप्तशुदा ट्रैक्टर ट्राली को सुरक्षार्थ चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी, चौकी प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा, आरक्षक धर्मवीर सिंह,आरक्षक रामसेवक विश्वकर्मा की भूमिका रही।

### ग्राम डाला मार्ग जर्जर, निर्माण करने की मांग

**सिलौंडी।** आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में सड़कों की हालत जर्जर होने के कारण ग्रामीण बहुत बहुत परेशान है ।कटनी जनसुनवाई में विजय सिंह धुर्वे पिता भालप सिंह धुर्वे ने बताया कि धनवाही से डाला मार्ग 2 किमी का है, पर यह मार्ग ग्राम डाला के आसपास के ग्रामीणों के लिए 1 किमी कम पड़ेगा। धनवाही से डाला मार्ग बहुत जर्जर हो चुका है और खसखस मिट्टी का कच्चा है, जिससे बारिश में गाँव के स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को आने-जाने में बहुत दिक्कत होती है। ग्रामीण की मांग है कि धनवाही से डाला मार्ग को पक्का/निर्मित मार्ग बनवाया जाए।

## मथुरा-वृंदावन तीर्थयात्रा के लिये यात्री 11 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

'मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना' के अन्तर्गत मथुरा-वृंदावन की तीर्थयात्रा हेतु कटनी जिले के वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुोक तीर्थयात्री निर्धारित प्रारूप में 11 जुलाई तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। यह यात्रा 25 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। यात्रा हेतु विशेष ट्रेन बालाघाट-नैनपुर (मंडला) से प्रारंभ होकर जबलपुर और कटनी स्टेशनों पर रुकते हुए मथुरा-वृंदावन जाएगी और इसी मार्ग से वापस लौटेगी। इस यात्रा के लिए कटनी जिले को कुल 196 सीटें आवंटित की गई हैं।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत मथुरा-वृंदावन तीर्थयात्रा हेतु आमजन से आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं संपूर्ण व्यवस्था करने हेतु शहरी क्षेत्र से नगर निगम स्तर पर उपायुक्त, नगर पालिका व नगर परिषद स्तर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और ग्रामीण एवं ब्लॉक स्तर पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। महिलाओं के लिए आयु सीमा में 2 वर्ष की छूट का प्रावधान है। 65 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक जो सहायक ले जाना चाहते हैं, वे सहायक सहित आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन पत्र के साथ समग्र आईडी, वोटर आईडी या आधार कार्ड अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। अधिक जानकारी, नियम व आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट www.dharmasva.mp.gov.in से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं।

संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्राप्त आवेदनों की सूची एक्सेल शीट में तैयार कर 13 जुलाई तक जिला कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

### क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइन का सुधार कार्य कर पेयजल आपूर्ति की गई शुरू

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा पेयजल आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने के लिए त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस लाइन क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पेयजल पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य सफलतापूर्वक शीघ्र पूर्ण कर लिया गया। इसके परिणामस्वरूप शनिवार प्रातः कवास जी वार्ड में नागरिकों को पर्याप्त दबाव के साथ सुचारू एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई।

वार्ड क्रमांक 33 एवं 37 स्थित एम्बुलेंस रोड में मोहर्रम पर्व के अवसर पर टेंट लगाने के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। सूचना मिलते ही नगर निगम की जलप्रदाय शाखा की टीम मौके पर पहुंची और नागरिकों को होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए मरम्मत कार्य प्रारंभ किया। टीम ने अल्प समय में पाइपलाइन लीकेज का सुधार कर पेयजल व्यवस्था को पुनः सामान्य कर दिया। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद शनिवार प्रातः वार्ड में पेयजल आपूर्ति की विशेष निगरानी एवं जांच की गई। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की सभी गलियों में पर्याप्त दबाव के साथ शुद्ध पेयजल की सुचारू आपूर्ति पाई गई, जिसकी पुष्टि स्थानीय रहवासियों ने भी की। नगर निगम ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि शहरवासियों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

## इमामबाड़े से निकाला गया ताजियों का जुलूस



हजरत इमाम हसन, हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में उमरियापान सहित आसपास के क्षेत्रों में मोहर्रम पर्व श्रद्धा, अकीदत और गमगीन माहौल में मनाया गया। यौम-ए-आशूरा के अवसर पर शुक्रवार को इमामबाड़े से ताजिया जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कर्बला पहुंचा, जहां धार्मिक परंपरा के अनुसार ताजिया सुपुर्द-ए-खाक (दफन) किया गया। पूरे जुलूस के दौरान श्रद्धालु या हुसैन के नारे लगाते रहे। सवारियां लिए बाबा भी जुलूस के साथ चलते रहे, जिससे धार्मिक आस्था का अनूठा दृश्य देखने को मिला। जुलूस में युवाओं ने तलवार और लाठियों से हैरतअंगेज करतब प्रस्तुत किए, जिन्हें देखने के लिए रास्ते भर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। उमरियापान के अलावा परसेल, कछारगांव छोटा तथा ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के कटरिया, उमरपानी, बरहटा सहित कई गांवों में भी ताजिया जुलूस निकाले गए। मोहर्रम के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर लंगर का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए दूध के स्टॉल लगाए गए। घुघरी स्थित मस्जिद से भी ताजिया उठाकर मुस्लिम समाज के लोगों ने गांव का भ्रमण कराया और बेलकुण्ड नदी के पार स्थित कर्बला में ताजिया ठंडा किया।

## पेड़ व पानी बचाने एवं प्लास्टिक हटाने जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता क्या क्यों और कैसे तथा पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के लिए किन-किन विषयों पर काम किया जाना चाहिए पौधे कैसे-कैसे बचाए जा सकते हैं पानी कैसे-कैसे बचाया जा सकता है एवं इस समाज को प्लास्टिक मुक्त कैसे बनाया जा सकता है इस विषय पर शनिवार को मां निकेतन नई बस्ती कटनी में बैठक का आयोजन किया गया ।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत युवा आयाम प्रमुख राहुल गुप्ता ,सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्रवण, विभाग संघ चालक सतना विभाग विपिन तिवारी, विभाग संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि सतना विभाग बृजेश पटेल, जिला कार्यवाह जिला कटनी संजय त्रिपाठी, जिला संयोजक पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राम सुजान द्विवेदी ,नगर संयोजक रमेश गुप्ता, जिला सामाजिक संस्थान प्रमुख पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, जिला प्रमुख युवा आयाम रतीलाल रैदास, जिला प्रमुख प्लास्टिक आयाम डॉक्टर अभिषेक मिश्रा, जिला प्रमुख पेड़ आयाम आशुतोष मनके तथा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक समन्वयक बाल मुकुन्द मिश्रा व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, मानव जीवन विकास समिति के प्रतिनिधि एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि कार्यशाला एवं बैठक में उपस्थित रहे।

*उच्च शिक्षा विभाग द्वारा की गई पहल, चुनौतियों से निबटने मार्गदर्शन कराना आवश्यक*

## नए सत्र में कॉलेजों में आयोजित होंगे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में इंडक्शन (अभिमुखीकरण) कार्यक्रम के दौरान "मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम" आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें तनाव, अवसाद एवं अन्य मनोवैज्ञानिक चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाले नवप्रवेशित विद्यार्थियों के इंडक्शन कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, समय प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, सकारात्मक सोच, ध्यान एवं जीवन कौशल जैसे विषयों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर काउंसलिंग एवं सहायता सेवाओं का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

### दी जाएगी जानकारी

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को एंटी-रैगिंग नियमों, शिकायत निवारण तंत्र, मेंटर-मेंटी प्रणाली, साइबर बुलिंग से बचाव तथा जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के संबंध में भी जागरूक किया जाएगा। महाविद्यालयों में उपलब्ध काउंसलर, मेंटर, एंटी-रैगिंग समिति, आंतरिक शिकायत समिति एवं अन्य सहायता तंत्रों की जानकारी भी विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी।

### विभाग को भेजी जाएंगी प्रतियां

उच्च शिक्षा विभाग ने सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि कार्यक्रम के लिए स्थानीय मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाए तथा नवप्रवेशित विद्यार्थियों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित प्रतिवेदन, फोटोग्राफ्स,वीडियो एवं समाचार प्रकाशन की प्रतियां विभाग को निर्धारित समय सीमा में भेजी जाएंगी।

### व्यक्तित्व विकास एवं कल्याण है महत्वपूर्ण

उल्लेखनीय है कि यह पहल सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित नेशनल टास्कर फोर्स की अनुशंसाओं के अनुरूप की जा रही है। विभाग का मानना है कि विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य उनके शैक्षणिक प्रदर्शन, व्यक्तित्व विकास और समग्र कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत में ही मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को संस्थागत रूप दिया जा रहा है, जिससे महाविद्यालयों में सुरक्षित, समावेशी और सहयोगात्मक शैक्षणिक वातावरण का निर्माण हो सके।

### न्यायाधीशों ने बैरकों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की ली टोह

## जिला जेल का औचक निरीक्षण, सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जे.पी. चिडार द्वारा शनिवार को जिला जेल कटनी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों के मानवाधिकार, बैरकों की स्वच्छता और भोजन व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशों ने पुरुष एवं महिला बैरकों का भ्रमण कर वहां की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं वेंटिलेशन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिए कि बैरकों में स्वच्छता बनाए रखते हुए पर्याप्त हवा और रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जेल की रसोई का निरीक्षण करते हुए बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बंदियों को शासन के नियमानुसार स्वच्छ, पौष्टिक एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाए।

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशों ने बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि बंदियों को नियमानुसार विधिक सहायता मिल रही है या नहीं। जिन बंदियों के पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें तत्काल शासकीय वकील उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा जेल अस्पताल का निरीक्षण कर बीमार बंदियों के उपचार एवं दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली गई। जेल चिकित्सक को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।

### विशेष ध्यान देने निर्देश

निरीक्षण के अंत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि बंदियों के सुधार एवं पुनर्वास हेतु योग, कौशल विकास और शिक्षा जैसी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती मृणालिनी सिंह, जेल अधीक्षक तथा अन्य जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

## हितग्राहियों के खातों में 6.36 करोड़ से अधिक की राशि की गई अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के 1 लाख 6 हजार 40 हितग्राहियों के खातों में 6 करोड़ 36 लाख 24 हजार रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किया। इन योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह 600 रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जाती है।

### अंतरित राशि पर एक नजर

मुख्यममंत्री डॉ. यादव ने मई माह के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना अंतर्गत 3 हजार 115 हितग्राहियों को 18 लाख 69 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई। वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 47 हजार 785 हितग्राहियों को 2 करोड़ 86 लाख 71 हजार रुपये प्रदान किए गए।

इसी प्रकार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना में 19 हजार 718 हितग्राहियों को 1 करोड़ 18 लाख 30 हजार 800 रुपये वितरित किए गए। कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 1 हजार 348 हितग्राहियों को 8 लाख 8 हजार 800 रुपये की राशि दी गई।

अन्य योजनाओं में दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन स्कीम के अंतर्गत 2 हजार 216 हितग्राहियों को 13 लाख 29 हजार 600 रुपये, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के तहत 63 हितग्राहियों को 37 हजार 800 रुपये तथा मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना के अंतर्गत 19 हजार 485 हितग्राहियों को 1 करोड़ 16 लाख 91 हजार रुपये प्रदान किए गए।

इसके अलावा मंदबुद्धि एवं बहुविकलांगता सहायता योजना के तहत 1 हजार 184 हितग्राहियों को 7 लाख 10 हजार 400 रुपये, वृद्धाश्रम अंतःवासी पेंशन योजना के तहत 5 हितग्राहियों को 3 हजार रुपये, सामाजिक सुरक्षा निःशक्त पेंशन योजना के तहत 9 हजार 88 हितग्राहियों को 54 लाख 52 हजार 800 रुपये, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना के तहत 368 हितग्राहियों को 2 लाख 20 हजार 800 रुपये तथा सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 1 हजार 665 हितग्राहियों को 9 लाख 99 हजार रुपये की राशि वितरित की गई।

जिले में इस भुगतान से बड़ी संख्या में जरूरतमंद हितग्राहियों को समय पर आर्थिक संबल मिला है।

**खबर संक्षेप**

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक घायल, इलाज जारी

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार दोपहर 1.30 बजे हुई बारिश एवं आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ग्राम इमलीडोल निवासी महेंद्र सिंह गौंड 23 पिता काशीराम गौंड मौके पर ही बेहोश हो गया। जिसे नगर के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया हैं जहां पर इलाज जारी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेंद्र कछराहार क्षेत्र में धान की बोनी का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आ गया और घायल होकर खेत में बेहोश होकर गिर गया। घटना के दौरान कपड़े भी फट गए। पास ही के खेत में ट्रैक्टर चला रहे किसान लक्ष्मण सिंह गौंड ने युवक को जमीन पर गिरा देखा। उन्होंने तत्काल दौड़कर महेंद्र सिंह को संभाला, लेकिन वह बेहोशी की हालत में था और कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था। परिजनों को सूचना दी। तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तेंदूखेड़ा लेकर आएं।

### सर्प दंश महिला की अस्पताल ले जाते समय मौत

**पन्ना।** थाना शाहनगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम ताला में गुरुवार की सुबह 5 बजे अपने घर में सो रही 45 वर्षीय महिला पार्वती चौधरी पति रामरूप चौधरी उम्र 45 वर्ष की सांप के काटने से मौत हो गई। फरियादी पति के अनुसार 25 जून की रात परिवार खाना खाकर सो गया था। सुबह करीब 5 बजे पत्नी पार्वती चौधरी जोर से चिल्लाई - मुझे सांप ने काट लिया। पास में काला सांप बैठा था। सांप ने महिला के दोनों पैर के घुटने के पीछे काटा था। परिजन तत्काल प्राइवेट वाहन से सरकारी अस्पताल शाहनगर लेकर आए, जहां डॉक्टर ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। शव का पीएम डॉ सर्वेश लोधी ने किया वहीं शाहनगर टी आई परसुराम डाबर ने बताया की म्रतिका का बिसरा सागर लेबोर्टीज भेजा गया है।

### बिजली गुल होने से नगरवासी परेशान

**पवई।** नगर में बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उमसभरी गर्मी के बीच में कई बार बिजली गुल होने से घरों में लोग बेहाल रहे। लगातार हो रही ट्रिपिंग के कारण पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण बंद पड़े रहे, जिससे छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक दिक्कत हुई।नगरवासियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से बिजली की आंख-मिचौली लगातार जारी है।

### ताजिया- अखाड़ा जुलूस प्रमुख मार्गों पर निकाला गया

# सद्भाव से मनाया मोहर्रम पर्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया**





हजरत इमाम हुसैन रजि. व शहीदाने कर्बला वालों की अजीमुश्शान कुर्बानी की याद में मनाया जाने वाला मोहर्रम पर्व नगर में आपसी सद्भाव पूर्ण माहौल में बनाया गया। सबसे पहले नगर एवं आसपास के सैकड़ों मुस्लिम भाई एवं अकीदतमंद हजरात 10 मुहर्रम याने 26 जून 2026 की शाम स्थानीय मदार चिल्ला पठानी मुहल्ला वार्ड नं. 08 हिण्डोरिया मे एकत्रित हुये। यहाँ से एक शानदार अखाड़ा-जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों पर सादगी पूर्ण ढंग से शासन-प्रशासन की गाइड लाईन का पालन करते हुये बाजे-गाजे, स्लामी झण्डें, शहीदे आजम जिन्दाबाद,नारा- ए-तकबीर अल्लाहो अकबर, या अली, या हुसैन आदि गगन-चुम्बी नारेबाजी लगाते हुये निकाला गया। झण्डा चौक पर अखाड़ा जुलूस पहुँचने के पश्चात सबसे पहले गंगा जमुनी तहजीब के अलमबरदार एवं पैरोकार अतिथि ठा. हेमेन्द्र सिंह बडे. मुन्ना भैया, सुधांशु चौबे, एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, टीआई धर्मेंद्र उपाध्याय, लक्ष्मण खटीक, बडे.पुरा घराने के ठा. नारान सिंह, प्रहलाद सिंह ठाकुर, झब्बू सिंह ठाकुर, पप्पू सिंह ठाकुर, महेन्द्र सिंह ठाकुर, जितेन्द्र सिंह ठाकुर, गजेन्द्र सिंह, मुन्ना सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, मकुन्दी खटीक, डॉ. अंशुल खटीक, आरआई धनीराम तेकाम रामगोपाल नामदेव आदि का नगर मुहर्रम पर्व इंतजामियां कमेटी के सदर मुहम्मद सामी उर्फ शमीम खान एवं उनकी कमेटी के सदस्यों के व्दारा शानदार इस्तकबाल किया गया।इसके बाद अखाड़े के कलाकारों के व्दारा झण्डा चौक पर अपनी परंपरागत चहुमुखी कला का शानदार प्रदर्शन किया गया। अखाड़ा प्रदर्शन के बाद सभी ताजिया, जहूरा, बुर्राक जुलूस झण्डा चौक से इमाम चौक, जामा मस्जिद परिसर, पठान चौक होते हुये जमादार तालाब पहुंचा। जहाँ तालाब में पानी ना होने की वजह से बडे. ताजिया- बुर्राक को विसर्जित नही किया गया। छोटे जहूरा तालाब में जरूर ठण्डे कर दिये गये। फिलहाल बडे. ताजिया- बुर्राक को नूरी फरीदी खानकाह शरीफ मे रख दिया गया है। इन्हें मुहर्रम पर्व के चालीसवाँ तक बरसात होने एवं तालाब मे भराव होने के पश्चात विसर्जित किया जायेगा। सदर मुहम्मद सामी ने कहा कि मुहर्रम पर्व मे नगर परिषद, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, बिजली विभाग एवं पर्व मे शिरकत करने वाले सभी हिन्दू- मुस्लिम अकीदतमंद हजरात की उपस्थिति, सहयोग एवं भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। आयोजन कमेटी सबका शुक्रिया अदा करती है।

## ताजिया जुलूस के दौरान ड्यूटीरत प्रधान आरक्षक की तबीयत बिगड़ी

### जबलपुर रेफर; डॉक्टरों ने बताया माइनर हार्ट अटैक

**तेंदूखेड़ा।** मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार शाम लगभग 7 बजे ताजिया जुलूस के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक प्रधान आरक्षक की अचानक तबीयत बिगड़ने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। ड्यूटी पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।



जानकारी के अनुसार, छतरपुर निवासी प्रधान आरक्षक लखन लाल अहिरवार (50 वर्ष) एसडीओपी कार्यालय तेंदूखेड़ा में पदस्थ हैं। मोहर्रम के ताजिया जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था की ड्यूटी के दौरान उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई। प्राथमिक उपचार के उपरांत उन्हें जबलपुर भेजा गया, जहां पुलिस स्टाफ ने निजी वाहन से उन्हें स्वास्तिक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद उन्हें माइनर हार्ट अटैक आने की पुष्टि की गई। वर्तमान में उनका उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में जारी है तथा उनकी स्थिति पहले से बेहतर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओपी अर्चना अहीर एवं थाना प्रभारी रावेंद्र बागरी तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से प्रधान आरक्षक के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा आवश्यक उपचार एवं रेफरल की व्यवस्थाओं की निगरानी की।

इस दौरान एसडीओपी कार्यालय में पदस्थ आरक्षक रौनक पटेल ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए प्रधान आरक्षक लखन लाल अहिरवार के साथ जबलपुर तक जाकर उनकी पूरी देखभाल की। उन्होंने घटना की सूचना परिजनों को भी दी। चूंकि छतरपुर से जबलपुर की दूरी लगभग 450 किलोमीटर है, इसलिए परिजन शनिवार सुबह लगभग 8 बजे अस्पताल पहुंचे। तब तक आरक्षक रौनक पटेल पूरी रात अस्पताल में रहकर एक छोटे भाई की तरह उनकी सेवा और देखरेख करते रहे।

### गाय को बचाने के चक्कर में हादसे के शिकार हुए बाइक सवार

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार की देर-रात थाना क्षेत्र के अंतर्गत नरगुवा की घाट पर एक बार फिर अंधे मोड़ पर बाइक सवार दो लोग हादसे के शिकार हो गए हैं जिन्हें गंभीर हालत में 108 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार प्रतीम पिता चम्मू पाल उम्र 30 निवासी सहजपुर व कैलाश पाल निवासी सहजपुर जो कि खेती-बाड़ी के कार्य के चलते सहजपुर से डीजल लेने तेंदूखेड़ा आए थे जहां से वापस घर जाते समय हादसे शिकार हो गए हैं हादसे को लेकर बताया गया है प्रतीम और कैलाश दोनों बाइक से डीजल लेकर वापस घर जा रहे थे लेकिन नरगुवा की घाट पर पहुंचते ही सामने आ रही गाय को बचाने के चक्कर में अचानक सामने एक तेज रफ्तार कार से बचने के दौरान बाइक सवार सड़क किनारे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रतीम को जबलपुर रेफर किया गया है पूरे हादसे की पुलिस जांच कर रही है।

## बटियागढ़ में निकला ताजिया जुलूस



### अकीदत के साथ याद की गई इमाम हुसैन की शहादत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ**

यौमे आशूरा के अवसर पर शुक्रवार को बटियागढ़ नगर में हजरत इमाम हुसैन एवं शोहदाए कर्बला की अजीम कुर्बानी को श्रद्धा, अकीदत और सम्मान के साथ याद किया गया। शाम के समय ताजिया अपने निर्धारित मकाम से नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ। ताजिया जुलूस पानी की टंकी मोहल्ला, मुख्य बाजार एवं बस स्टैंड मार्ग से होते हुए घनश्यामपुरा स्थित नीम वाले बाबा साहब की दरगाह शरीफ पहुंचा। पूरे मार्ग में अकीदतमंद ३या हुसैन३ की सदाओं के साथ हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते रहे। जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर अमन, भाईचारे और इंसानियत का संदेश दिया। दरगाह शरीफ पहुंचने के बाद फातिहा पढ़ी गई तथा मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे के लिए विशेष दुआ की गई। इससे पूर्व बटियागढ़ की जामा मस्जिद में 1 मोहर्रम से 9 मोहर्रम तक दास्तान-ए-कर्बला पर तफसीली बयानात का सिलसिला जारी रहा। जामा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज व कारी अब्दुल अलीम साहब ने अपने खिताब में कर्बला के वाकये, हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी, सब्र, सच्चाई और इंसाफ के पैगाम पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कर्बला का संदेश हर दौर में इंसानियत, हक और जुल्म के खिलाफ डटकर खड़े रहने की प्रेरणा देता है तथा समाज में सत्य, न्याय और मानवता के मूल्यों को अपनाने की सीख देता है।

## नोहटा में 48 लाख के लैब भवन का हुआ भूमिपूजन, छात्रों को मिली साइकिलें



**बनवार।** जबेरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नोहटा में 48.43 लाख रुपये की लागत से बनने वाले फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब भवन का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि नए लैब भवन के निर्माण से छात्र-छात्राओं को विज्ञान विषयों की बेहतर पढ़ाई के लिए आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी समय में 89 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्षों का निर्माण भी कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। इससे दूर-दराज गांवों से आने वाले विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने में सुविधा मिलेगी और उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। वहीं नोहटा थाना प्रभारी द्वारा साइबर सुरक्षा अभियान चलाकर उपस्थित लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## फुटेरा कलां में अकीदत और एहतेराम के साथ निकला मुहर्रम का ताज़िया जुलूस



**फुटेरा कलां।** हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और करबला के 72 शहीदों की याद में फुटेरा कलां नगर में मुहर्रम का पर्व पूरी अकीदत, अदब और एहतेराम के साथ मनाया गया। नगर के इमामबाड़ा से निर्धारित समय शाम 4:30 बजे ताज़िया जुलूस रवाना हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए, जो ३या हुसैन३ की सदाओं और मातमी माहौल के बीच नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरे। ताज़िया जुलूस इमामबाड़ा से प्रारंभ होकर बटियागढ़ रोड, असाटी चौराहा, मुख्य बाजार, पुराना स्कूल, नामदेव मोहल्ला सहित नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर पुनः इमामबाड़ा पहुंचा। यहां फातिहा, दुरूद शरीफ और सलातो-सलाम के साथ जुलूस का समापन किया गया तथा देश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआएं मांगी गईं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जिला पंचायत सदस्य राव ब्रजेंद्र सिंह सहित ग्राम के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी तथा सभी समुदायों के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में अनुशासन, धार्मिक आस्था और सामाजिक सद्भाव का सुंदर संगम देखने को मिला।

## मंत्री लोधी ने किया अरहर और तिल बीज मिनिकिट का वितरण



**दमोह।** शनिवार को रानी अवंती बाई लोधी प्रांगड़ नोहटा में मध्य प्रदेश शासन में मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कृषि विभाग की योजना अंतर्गत लघु कृषकों को बीज का वितरण किया वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि खरीफ वर्ष 2026 में मध्य प्रदेश शासन द्वारा किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रहे हैं इस वर्ष बरसा अल्प बता रहे हैं इसीलिए किसान बंधु अधिक अवधि कि फसलों को ना लगायें बल्कि दलहनी फसलों में उर्द मूंग अरहर ज्वार मक्का बाजरा उड़द लगा सकते हैं जो कम अवधि की है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रूपेश सेन सांसद प्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, संग्राम सिंह, सत्येंद्र सिंह लोधी, उमराव सिंह, सचिव लाल सिंह यादव, तेंदूखेड़ा एसडीएम, कृषि विस्तार अधिकारी दर्शिका दुबे, रितेश सिंह, अमित परमार, दिनेश पटेल, दीपक पटेल, सत्येंद्र सिंह समस्त समिति प्रबंधक जबेरा एवं किसान बंधुओं की उपस्थित रही।

## आचार्य विनिश्चय सागर जी का अवतरण दिवस मनाया

**पथरिया।** नगर गौरव आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी महाराज का 54वां अवतरण दिवस श्री शांतिनाथ संत भवन में धार्मिक श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में पूज्य विराग कीर्ति उपाध्याय श्री 108 विशेष सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि ३मनुष्य पर्याय अमूल्य रत्न के समान है। चिंतामणि के समान दुर्लभ यह जीवन प्राप्त करना अत्यंत सौभाग्य की बात है। देव और इंद्र भी मनुष्य पर्याय प्राप्त करने के लिए तरसते हैं,




इसलिए हमें इस जीवन का सदुपयोग करना चाहिए उन्होंने कहा कि भारत भूमि वह पावन भूमि है, जहां तीर्थंकरों, महापुरुषों और संतों ने जन्म लिया है वर्तमान समय में बुंदेलखंड की धरती संतों, त्यागियों और विद्वानों को जन्म देने वाली श्रेष्ठ भूमि के रूप में पहचानी जा रही है। इसी पावन भूमि पर 54 वर्ष पूर्व बालक अरुण (बल्ले) का जन्म हुआ, जो आज आचार्य श्री 108 विनिश्चय सागर जी महाराज के रूप में संपूर्ण विश्व में पथरिया नगर का गौरव बढ़ा रहे हैं। उपाध्याय श्री ने कहा कि पूज्य गणाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज सदैव कहा करते थे कि हमारी पहचान केवल माता-पिता, परिवार या नगर से नहीं होनी चाहिए, बल्कि हमारे कर्मों से हमारे माता-पिता, परिवार और नगर की पहचान बने, यही जीवन की सार्थकता है उन्होंने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि लगभग 25 वर्ष पूर्व नगर गौरव आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ऐलक अवस्था में पथरिया आए थे। उस समय उन्हें आचार्य श्री के साथ रहने का पांच वर्षों तक सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज से उन्हें दीक्षा प्राप्त हुई और वाक्केशरी आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज से जीवन में सुशिक्षा एवं सुसंस्कार प्राप्त हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्ज्वलन नगर के जिनालयों के अध्यक्षों एवं आचार्य श्री के गृहस्थ जीवन के परिजनों द्वारा किया गया। इसके पश्चात आचार्य श्री की संगीतमय पूजन संपन्न हुई। इस अवसर पर मंच पर नगर गौरव क्षुल्लक श्री 105 विश्वोतीर्ण सागर जी, क्षुल्लक श्री 105 विश्वबाहु सागर जी एवं क्षुल्लिका श्री 105 विजिताश्री माता जी विराजमान रहीं। कार्यक्रम का संचालन रोहित जैन ने किया,जबकि आभार प्रदर्शन ऋषभ सिंघई ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 58वीं बार रक्तदान कर बचाई जरूरतमंद की जान

### रक्तदान करना ईश्वरीय कार्य, हर स्वस्थ व्यक्ति को आगे आना चाहिए

**दमोह।** सामाजिक सरोकारों से जुड़े एवं जिला क्षय केंद्र, दमोह में पदस्थ जिला कार्यक्रम समन्वयक दीपक सिंह राजपूत (योगी) ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश करते हुए अपना 58वां रक्तदान किया। विशेष बात यह रही कि उन्होंने करीब डेढ़ माह पूर्व ही एक बच्ची के लिए 57वीं बार रक्तदान किया था और अब एक जरूरतमंद मरीज की जान बचाने के लिए पुनः रक्तदान किया। जानकारी के अनुसार श्री राजपूत अपने कार्यालय में कार्यरत थे, तभी समाजसेवी सुरेश साहू का फोन आया। उन्होंने बताया कि एक मरीज को बी पॉजिटिव रक्त की तत्काल आवश्यकता है। सूचना मिलते ही दीपक राजपूत ने बिना देर किए रक्तदान के लिए सहमति दी और मात्र 10 मिनट के भीतर ब्लड बैंक पहुंचकर जरूरतमंद के लिए रक्तदान किया। रक्तदान के दौरान ब्लड बैंक के सक्रिय अधिकारी योगेश जाट, समाजसेवी सुरेश साहू, भानु प्रताप सिंह (पथरिया), सुरेंद्र दुबे सहित ब्लड बैंक की टीम उपस्थित रही। इस अवसर पर दीपक सिंह राजपूत ने कहा कि ३रक्तदान जीवन बचाने वाला ईश्वरीय कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ एवं पात्र नागरिक को समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में यह शिकायत मिलती है कि रक्त उपलब्ध कराने के बाद कुछ लोग मरीज या उसके परिजनों पर किसी प्रकार के आर्थिक या अन्य लाभ का दबाव बनाते हैं, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने बताया कि इस तरह की प्रवृत्तियों पर रोक लगाने के लिए शीघ्र ही एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति रक्तदान या रक्त उपलब्ध कराने के नाम पर पैसे अथवा किसी प्रकार के अनुचित लाभ की मांग करता है और इसकी पुष्टि होती है, तो उसके विरुद्ध संबंधित पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज कराया जाएगा। साथ ही, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से बैठक आयोजित कर रक्तदान संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन शुरू करने की भी तैयारी की जा रही है।

### सर्प दंश महिला की अस्पताल ले जाते समय मौत

**पन्ना।** थाना शाहनगर क्षेत्रांतर्गत ग्राम ताला में गुरुवार की सुबह 5 बजे अपने घर में सो रही 45 वर्षीय महिला पार्वती चौधरी पति रामरूप चौधरी उम्र 45 वर्ष की सांप के काटने से मौत हो गई। फरियादी पति के अनुसार 25 जून की रात परिवार खाना खाकर सो गया था। सुबह करीब 5 बजे पत्नी पार्वती चौधरी जोर से चिल्लाई - मुझे सांप ने काट लिया। पास में काला सांप बैठा था। सांप ने महिला के दोनों पैर के घुटने के पीछे काटा था। परिजन तत्काल प्राइवेट वाहन से सरकारी अस्पताल शाहनगर लेकर आए, जहां डॉक्टर ने जांच कर मृत घोषित कर दिया। शव का पीएम डॉ सर्वेश लोधी ने किया वहीं शाहनगर टी आई परसुराम डाबर ने बताया की म्रतिका का बिसरा सागर लेबोर्टीज भेजा गया है। पी एम रिपोर्ट आने के पश्चात की कुछ कह पाना संभव होगा आखिर मौत किन कारणों से हुई है।

## स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण



**हटा।** अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम ने हटा ब्लाक के कांटी और पाली गांव के उपस्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कांटी में निरीक्षण के दौरान टीकाकरण सत्र में मौजूद स्टाफ से ड्यू लिस्ट, बच्चो की संख्या आदि की जानकारी लेकर निर्देश दिए। इसी प्रकार पाली गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के दौरान सीएचओ से जानकारी लेकर आज 28 जून को होने वाले पल्स पोलियो अभियान के विषय में तैयारियों, लक्षित बच्चों की संख्या आदि की जानकारी लेकर शत प्रतिशत दवा पिलाई जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम राकेश मरकाम ने जामुन झिरिया गांव में चल रहे टीकाकरण का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य अमले से बच्चों, गर्भवती माताओं की जांच, वैक्सीन आदि के विषय मे जानकारी लेकर पल्स पोलियो अभियान के विषय मे दिशा निर्देश दिए।

## पुलिस ने ग्रामीणों को दी डिजिटल सुरक्षा की जानकारी

### 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान



**झलौन।** मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित राज्यव्यापी 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर सुथरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को ग्राम झलोन के बस स्टैंड चौराहे पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी, प्रधान आरक्षक बृजेश तिवारी एवं पुलिस दल ने ग्रामीणों को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को बताया कि आज के समय में अज्ञात मोबाइल कॉल, संदिग्ध संदेश, फर्जी कड़ियों (लिंक) तथा डिजिटल भुगतान से जुड़े धोखाधड़ी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड अथवा अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध संदेश या कड़ी पर बिना पुष्टि किए क्लिक न करने की अपील की।

अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए तो बिना विलंब 1930 राष्ट्रीय साइबर सहायता हेल्पलाइन पर सूचना दें तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध शिकायत पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर सूचना देने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को सुरक्षित डिजिटल लेनदेन, मोबाइल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग तथा सामाजिक माध्यमों पर सतर्क रहने के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक रहें और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करें।इस अवसर पर ग्राम के मुकेश जैन, मोहित पटेल, रोशन यादव, विनोद जैन, अक्षय कुमार जैन, नन्हे सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बाइक सवार को कार ने पीछे से मारी टक्कर, तीन घायल

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार की दरमियानी रात क़रीब 2 बजे के आसपास थाना क्षेत्र के अंतर्गत पाटन तेंदूखेड़ा मार्ग पर स्थित नरगुवा घाट पर बाइक सवार भाई बहनों को पीछे से एक तेज रफ्तार अज्ञात कार टक्कर मारकर मौके से भाग निकली है। हादसे के बाद घायल सड़क किनारे पड़े रहे जिन्हें डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां भाई बहनों का इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में डायल 112 से मिली जानकारी अनुसार हादसे में रोहित पिता यशवंत लोधी उम्र 20 विशाखा पिता यशवंत उम्र 22 काजल पिता यशवंत सिंह लोधी उम्र 19 वर्ष जो थाना क्षेत्र के नरगुवा निवासी हैं और भाई बहन है जो देर-रात शादी समारोह से जबलपुर की और से वापस अपने घर नरगुवा आ रही थी लेकिन घर से 3 किमी आगे ही हादसे का शिकार हो गए। हादसे के दौरान डायल 112 में ड्यूटीरत आरक्षक कुंवर सिंह पायलट पंकज नामदेव ने सड़क पर पड़े घायलों की मदद करते हुए स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे डायल 112 में ड्यूटीरत आरक्षक कुंवर सिंह ने बताया कि हादसा रात करीब 2 से ढाई के बीच हुआ है जब वो 27 मील की ओर से गश्ती करते हुए वापस तेंदूखेड़ा आ रहे थे उसी समय यह हादसा हुआ है इको कार है जो रात के अंधेरे का फायदा उठाते भाग निकले पुलिस द्वारा अज्ञात कार की तलाश की जा रही है और घायलों का इलाज स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है बता दें कि नरगुवा की घाट बीते तीन दिन से लगातार सड़क हादसे घटित हो रहे यहां पर तीन लोगों की मौत हो चुकी और आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं हादसों का कारण अंधा मोड़ और कोई भी संकेत बोर्ड नहीं होने के चलते यह हादसे घटित हो रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

## राकेश कृषि केंद्र रजपुरा हटा का उर्वरक गोदाम शील

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार विकासखंड हटा मे राकेश कृषि केंद्र रजपुरा हटा का उर्वरक की कलाबाजारी रोकने हेतु विकासखंड स्तरीय दल द्वारा निरीक्षण किया गया। इस सबंध में उप संचालक कृषि जे एल प्रजापति ने बताया विक्रेता की गोदाम मे 600 बोरी NPK बिना किसी चालान या बिल के पाया गया, जो उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के अनुसार बैधानिक कार्यवाही कर गोदाम को शील कर दिया गया हैं। निरीक्षण दल मे तहसीलदार अलोक जैन, नायब तहसीलदार राजेश सोनी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी संजय रोहित, BTM अखलेश कुर्मी, कृषि विस्तार अधिकारी शिवम्‌ दुबे, पटवारी तुलसीराम अहिरवार उपस्थित रहे।

## आज होगा प्रदेश के कर्मचारी नेताओं का आगमन

**दमोह।** म.प्र.अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के द्वारा जिला संरक्षक राकेश सिंह हजारी पूर्व प्रांत अध्यक्ष एवं प्रान्तीय संरक्षक लिपिक संघ की सेवानिवृत्ति दिनांक 30 जून 2026 को होने पर उनका सम्मान समारोह कार्यक्रम 28 जून को दोपहर 2 बजे से डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में एम.पी. द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष म.प्र.अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, विजय रैकवार प्रदेश उपाध्यक्ष, सुभाष शर्मा, म.प्र.राज्य कर्म.संघ प्रदेश उपाध्यक्ष, विजय मिश्रा प्रांताध्यक्ष म.प्र.तृतीय वर्ग शास.कर्म.संघ सतीश शर्मा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, विजय रैकवार प्रदेश उपाध्यक्ष, शारदा सिंह परिहार प्रांताध्यक्ष म.प्र.स्थायी कर्मी कल्याण संघ, संभागीय अध्यक्ष डी.के.मिश्रा की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न होगा, जिले के समस्त कर्मचारियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील जिला अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी एवं समस्त मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा की गई ।

## विधायक जयंत मलैया नमो वन एक्यूप्रेशर पार्क का करेंगे लोकार्पण

**दमोह।** शहर में स्वास्थ्य और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से "नमो वन एक्यूप्रेशर पार्क" का लोकार्पण पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत मलैया के मुख्य आतिथ्य में आज 28 जून 2026 दिन रविवार को सायं 6 बजे आयुष अस्पताल के बाजू में स्थित सिविल वार्ड क्रमांक 5, किल्लाई रोड, दमोह में किया जायेगा।

## 34 हितग्राहियों को पीएम आवास की राशि जारी, जल्द मिलेगी किश्त- कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने बताया दमोह नगर पालिका के 134 हितग्राहियों को PM आवास 2.0 की राशि आ गई हैं जल्द ही पात्र हितग्राहियों को किश्त मिलना प्रारंभ हो जायेगी। उन्होंने कहा पी एम आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को जल्द राशि मिल जाएगी, 134 हितग्राहियों के लिए शासन द्वारा 1 करोड़ 34 लाख की राशि जारी कर दी गई आगामी दो तीन दिन में प्राप्त हो सकेगी। कलेक्टर ने बताया कि पी एम आवास 2.0 योजना के तहत पोर्टल पर अपलोड कर दिये गए हैं, जल्द राशि खातों में आएगी, कलेक्टर ने कहा किसी के बहकावे में न आएं यदि कोई शिकायत मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी।

### घायलों को लाया गया जिला अस्पताल, इलाज जारी

# आकाशीय बिजली का कहर: एक की मौत, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत माला मानगढ़ ग्राम पंचायत के नयागांव टोला में शनिवार शाम करीब 5 बजे आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। एक मकान पर गिरी बिजली की चपेट में आने से एक ही परिवार के सात लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से पहले नोहटा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर ड्यूटी डॉक्टर डॉ. दिव्यांशु अवस्थी ने 28 वर्षीय रतन पिता रामप्रसाद आदिवासी को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य छह घायलों का इलाज जारी है।

घायलों में :मालती पिता हरि सिंह (14 वर्ष),मदन पिता हरि सिंह (18 वर्ष),उमा पिता कोदू (5 वर्ष),रचना पति दशरथ (24 वर्ष),जानकी पिता रतन (6 वर्ष),वेद रानी पति देव सिंह (60 वर्ष)।का इलाज जारी है। परिजनों के अनुसार, घटना के समय सभी लोग घर के अंदर मौजूद थे, तभी अचानक मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे पूरा परिवार इसकी चपेट में आ गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। 108 एम्बुलेंस के चालक दौलत रैकवार ने तत्परता दिखाते हुए 33 किलोमीटर की दूरी मात्र 26 मिनट में तय कर घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। रास्ते में स्वास्थ्यकर्मियों ने घायलों को सीपीआर भी दिया, लेकिन अस्पताल पहुंचते-पहुंचते रतन की मौत हो गई। फिलहाल शव को जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है और नोहटा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पेड़ के नीचे खड़ी बकरियों पर गिरी बिजली, 12 की मौत

**जबेरा** थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ी खेरमाता मंदिर के पास शनिवार को अचानक हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा नुकसान हो गया। पशुपालक हल्लू धनगर अपनी बकरियों के साथ एक पेड़ के नीचे खड़ा था। इसी दौरान अचानक बिजली गिरने से 12 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत रही कि पशुपालक समय रहते पेड़ से हटकर नीचे उतर गया, जिससे उसकी जान बच गई। इस घटना में उसे करीब 3 लाख रुपए के पशुधन का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह और जनपद सदस्य प्रतिनिधि इंद्रजीत सिंह मौके पर पहुंचे और प्रशासन को जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित पशुपालक को प्राकृतिक आपदा राहत राशि दिलाने की मांग की है।



## मवेशियों को बचाने के दौरान पलटा पिकअप वाहन

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे सागर जबलपुर स्टेट हाइवे 15 पाटन तेंदूखेड़ा मार्ग पर 24 घंटे के अंदर तीन सड़क हादसे हो चुके हैं। इसके 2 दिन पहले भी तीन दो हादसों में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं शनिवार को पंडा समीप वन विभाग की पुरानी चौकी के पास एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया इस हादसे दो लोग घायल हुए हैं। बताया गया है वाहन के सामने अचानक मवेशियों का झुंड आ गया था जिन्हे बचाने के चक्कर में हादसा हो गया। पिकअप वाहन दमोह से जबलपुर जा रहा डाक पार्सल वाहन क्रमांक MP 08 GA 8170 है साथ ही घटनास्थल पर अंधा मोड़ यह भी एक हादसे का मुख्य कारण है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# कलेक्टर के निर्देश पर बंसी वाले तालाब में सीमांकन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



नगर परिषद पटेरा के ऐतिहासिक बंसी बाले तालाब में प्रस्तावित निर्माण कार्य को लेकर उठे विवाद के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल द्वारा 23 जून को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने और तालाब का पहले सीमांकन कराने की मांग के बाद कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर सीमांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की। राजस्व विभाग द्वारा तैयार पंचनामा के अनुसार खसरा नंबर 745, रकबा 2.59 हेक्टेयर शासकीय मद भू-जल भूमि का सीमांकन किया जाना है। अधिकारियों ने बताया कि तालाब के लगभग 1.50 हेक्टेयर क्षेत्र में पानी भरा होने के कारण जरीब (चेन) से सीमांकन संभव नहीं हो सका। इसलिए मोबाइल एप की सहायता से तालाब की सीमा का चूना मार्किंग कर प्रारंभिक चिन्हांकन किया गया है। शेष सीमांकन मशीन के माध्यम से 24 जुलाई को किया जाएगा।

कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व निरीक्षक जागेश्वर पटेल, पटवारी धर्मेंद्र चक्रवर्ती सहित मंकेश अग्रवाल, अमित दुबे, शैलेंद्र जायसवाल एवं मनीष मिश्रा सहित राजस्व अमला मौके पर उपस्थित रहा और सीमांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कराई। सीमांकन के दौरान नगर में सामाजिक सौहार्द की मिसाल भी देखने को मिली। दशहरा उत्सव समिति, गणेश उत्सव समिति, मोहर्रम उत्सव समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौके पर उपस्थित रहे। इनमें नदेलाल चौरसिया, नितिन ताम्रकार, वार्ड पार्षद रशीदा चंदा बी, धर्मेंद्र चौधरी, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष रहबर खान, कलीमुद्दीन खान, हनी ताम्रकार, रामस्वरूप (रम्मू) असाटी, छत्रपाल राजपूत, यशु सोनी, फैसु खान, दानिश खान, रिजवान खान, सामी खान सहित सैकड़ों नागरिक शामिल थे।

मौजूद नागरिकों ने प्रशासन से मांग की कि जब तक सीमांकन की पूरी प्रक्रिया पूर्ण होकर तालाब की वास्तविक सीमा स्पष्ट नहीं हो जाती, तब तक वहां किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कराया जाए। साथ ही उन्होंने प्रशासन से समयबद्ध ढंग से कार्रवाई पूरी करने की अपेक्षा जताई, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

# अमझिर और बछामा गांव में 130 हैक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त



**हटा।** अनुविभागीय अधिकारी के आदेशानुसार तहसीलदार आलोक जैन, वन परिक्षेत्र अधिकारी जयप्रकाश मिश्रा के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को तहसील हटा के वनांचल क्षेत्र में अमझिर, बछामा गांव के समीप लगभग 51 हेक्टेयर एवं बछामा गांव में 79 हेक्टेयर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। प्रशासनिक अमले ने शासकीय भूमि से अवैध निर्माण, बाउंड्रीवाल और बाड़ी को बुलडोजर से हटाकर कब्जा मुक्त कराकर वन विभाग मड़ियादो बफरजोन पन्ना टाइगर रिजर्व को कब्जा सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि केन बेतवा लिंक परियोजना के तहत उक्त शासकीय भूमि वन विभाग मड़ियादो बफरजोन पन्ना टाइगर रिजर्व के लिए अधिसूचित की गई थी। जिसमें बताया और अमझिर दोनों गांव में 130 हेक्टेयर भूमि पर अवैध कब्जा था जिसको हटाते हुए भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। कार्यवाही में तहसीलदार आलोक जैन, वन परिक्षेत्र अधिकारी जेपी मिश्रा,मडियादो थाना से उपनिरीक्षक सरदार सिंह के साथ बड़ी संख्या में राजस्व अमला ,वन विभाग अमला और पुलिस बल संयुक्त कार्रवाई के दौरान मौजूद रहा।

# नरगुँवा घाट बना हादसों का ब्लैक स्पॉट, तीन दिन में लगातार दुर्घटनाएं; चार घायल

### अलग-अलग दो दुर्घटनाएं हुई नरगुँवा घाट पर, शासन प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, अधिकांश घटनाएं दो पहिया वाहनों की ही

**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा-जबलपुर एवं पाटन-तेंदूखेड़ा मार्ग पर स्थित नरगुँवा टेक क्षेत्र लगातार सड़क हादसों का केंद्र बिंदु बनता जा रहा है। बीते तीन दिनों में यहां लगातार दुर्घटनाएं सामने आई हैं। शुक्रवार शनिवार देर रात गाय को बचाने के प्रयास में दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं दूसरी घटना शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात एक अज्ञात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार भाई-बहनों को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। लगातार हो रहे हादसों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोग इसे ब्लैक स्पॉट घोषित कर सुरक्षा इंतजाम बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पहली घटना-- शुक्रवार शनिवार देर रात सहजपुर निवासी प्रतीम पिता चम्मू पाल (30) एवं कैलाश पाल खेती-किसानी के लिए डीजल लेकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। तेंदूखेड़ा जबलपुर मार्ग पर नरगुँवा की टेक स्थित अंधे मोड़ पर अचानक सड़क पर गाय आ गई। गाय को बचाने के प्रयास में बाइक चालक का संतुलन बिगड़ गया। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से बचने की कोशिश में बाइक सड़क किनारे फिसल गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रतीम पाल की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जबकि कैलाश पाल का उपचार स्थानीय स्तर पर जारी है। दूसरी घटना-- इसी क्रम में शुक्रवार शनिवार की दरमियानी रात करीब दो बजे जबलपुर पाटन-तेंदूखेड़ा मार्ग स्थित नरगुँवा घाट पर एक और सड़क हादसा हो गया। जबलपुर से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे नरगुँवा निवासी भाई-बहन रोहित लोधी (20), विशाखा लोधी (22) एवं काजल लोधी (19) की बाइक को पीछे से एक तेज रफ्तार अज्ञात इको कार ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। तीनों घायल सड़क किनारे पड़े रहे। उधर, क्षेत्र में गश्त कर रही डायल-112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा पहुंचाया। ड्यूटी पर तैनात आरक्षक कुंवर सिंह एवं पायलट पंकज नामदेव ने समय रहते घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर वाहन की तलाश शुरू कर दी है। लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है।



ग्रामीणों का कहना है कि नरगुँवा घाट और टेक पर कई अंधे मोड़ हैं, जहां चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और गति नियंत्रण के उपाय नहीं हैं। इसी कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले तीन दिनों में इस क्षेत्र में कई सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से नरगुँवा घाट और टेक को दुर्घटना संभावित क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट) घोषित कर तत्काल सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं, तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। फिलहाल दोनों मामलों की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। प्रशासन से भी सड़क सुरक्षा के स्थायी उपाय किए जाने की मांग लगातार तेज होती जा रही है।

# राज्यमंत्री लोधी ने की जनसुनवाई



**दमोह।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एवं जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शनिवार को नोहटा स्थित अपने कार्यालय में विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया। जनसुनवाई में क्षेत्र के ग्रामीणों और आसपास के नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी छोटी-बड़ी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 56 लिखित आवेदन प्राप्त हुए, जबकि कई लोगों ने मौखिक रूप से भी अपनी समस्याएं बताईं। इस दौरान कई मामलों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली, वहीं शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े, इसी उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नोहटा कार्यालय में नियमित रूप से जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य जबेरा विधानसभा को प्रदेश की नंबर-एक विधानसभा बनाना है और इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसी भी नागरिक को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जनसुनवाई के नियमित आयोजन से क्षेत्रवासियों में प्रशासन के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है और लोगों को अपनी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर मिल रहा है। इस अवसर पर सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी भी मौजूद रहे, जिससे कई प्रकरणों का मौके पर ही प्रभावी निराकरण संभव हो सका।

# दो माह से राशन न मिलने पर ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को सौंपा आवेदन

**तेंदूखेड़ा/ तारादेही।** तारादेही ग्राम के ग्रामीणों ने एकजुट राशन दुकान के सेल्समैन के विरोध में थाना प्रभारी के नाम आवेदन सौंपा गया। ग्रामीणों ने बताया कि राशन दुकान के सेल्समैन के द्वारा ग्राम के समस्त लोगों से फिंगरप्रिंट लगवा लिए गए, परंतु किसी भी व्यक्ति को राशन नहीं दिया गया। पूरा गांव सेल्समैन से परेशान हो चुका है। दो माह से हम लोगों को राशन नहीं दिया गया हैं। सेल्समैन को हटाने की मांग ग्रामीणों ने की हैं। आवेदन को तुरंत ही थाना प्रभारी आलोक तिरपुडे ने संज्ञान में लेकर खाद्य अधिकारी आदित्य दाहिया को जानकारी दी मौके पर पहुंचर खाद्य अधिकारी द्वारा सरपंच मंजू जैन के साथ राशन दुकान का निरीक्षण किया गया जिसमें राशन कम होना पाया गया। आदित्य दाहिया ने कहा कि सरपंच एवं ग्रामीणों के साथ राशन दुकान की जांच की गई हैं जिसमें दो माह का राशन मई जून का एक साथ वितरित होना था मौके पर जो कम पाया गया हैं साथ ही सभी की पर्ची कटी हैं समिति प्रबंधक एवं सेल्समैन को निर्देश दिए गए हैं कि राशन खरीदकर बुधवार तक ग्रामीणों को बंट जाना चाहिए। राशन बंटने के बाद कार्यवाही की जाएंगी।



### पंचायत सचिव ने पुलिस में की शिकायत

# एटीएम में कार्ड बदलकर 40 हजार की धोखाधड़ी

**तेंदूखेड़ा।** नगर स्थित सेंट्रल बैंक के सामने लगे एसबीआई एटीएम में एक सुनियोजित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत पतलोनी के सचिव एवं वार्ड क्रमांक 08, विद्यानगर निवासी मिट्ठू सिंह गोंड के साथ अज्ञात बदमाशों ने एटीएम कार्ड बदलकर उनके बैंक खाते से 40हजार की अवैध निकासी कर ली। पीड़ित के अनुसार, शुक्रवार सुबह लगभग 11:55 बजे वे एसबीआई एटीएम से राशि निकालने पहुंचे थे। इस दौरान उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया। तभी वहां मौजूद एक अज्ञात युवक ने एटीएम पर लिखे मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी। फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने शाम 4 बजे कार्ड निकलवाने का आश्वासन दिया। इसी बीच युवक ने कार्ड निकालने के बहाने एटीएम पिन दर्ज करने को कहा। पीड़ित के अनुसार, युवक उनके बिल्कुल पास खड़ा था, जिससे उसने उनका पिन देख लिया। दोपहर करीब 1 बजे जब पीड़ित पुनः एटीएम पहुंचे तो उनके कार्ड की जगह कोई दूसरा कार्ड मशीन में फंसा मिला। बाद में लगभग 3:10 बजे एसबीआई बैंक से फोन आया, जिसमें बैंक अधिकारियों ने खाते से □40,000 की निकासी एवं पेट्रोल पंप पर एटीएम कार्ड से भुगतान की जानकारी देते हुए तत्काल पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। घटना के बाद एटीएम का निरीक्षण करने पर कार्ड स्लॉट में चिपकाने वाला पदार्थ लगा मिला, जिससे स्पष्ट हुआ कि बदमाशों ने योजनाबद्ध तरीके से कार्ड फंसाकर धोखाधड़ी को अंजाम दिया। पीड़ित ने थाना तेंदूखेड़ा में शिकायत देकर एटीएम के सीसीटीवी फुटेज, बैंक एवं पेट्रोल पंप के लेन-देन की जांच कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा धोखाधड़ी से निकाली गई राशि वापस दिलाने की मांग की है। इस घटना ने क्षेत्र में एटीएम सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### रथ यात्रा को लेकर श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर पुराना थाना दमोह में बैठक संपन्न...

# 16 जुलाई को निकलेंगे जगत के नाथ जगन्नाथ स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पुरेना तालाब स्थित श्री देव जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना बहुत प्राचीन मंदिर में आज बैठक सम्पन्न हुई जिसमें जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा समिति के सभी सदस्य श्री प्यासी मंदिर ट्रस्ट समिति के सभी अध्यक्ष सचिव एवं पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। जिसमें जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए अनेक निर्णय लिए गए। प्यासी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सचिव श्री आलोक पांडे जी द्वारा बताया गया की प्रति बर्षानुसार इस वर्ष भी जगत के नाथ जगन्नाथ स्वामी भव्यता के साथ निकाले जाएंगे 16 जुलाई को रथ यात्रा का मार्ग वही तय किया गया जो श्री जगदीश मंदिर पुराना थाने से शाम 5:00 बजे भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी रथ पर आरुण होकर शहर के मुख्य मार्ग जैसे श्री जगदीश मंदिर पुराना थाना टॉकीज चौराहा बकोली चौराहा घंटाघर उमा मिस्त्री की तलैया महाकाली चौराहा सिटी नाल से होकर पुनः पुराना थाना स्थित अपनी मौसी के यहां जगन्नाथ स्वामी रुकेंगे।

पुजारी पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग जी ने बताया कि 15 दिन पूर्व भगबान बीमार हो जाते है। दरअसल प्राचीन परंपरा के अनुसार हर वर्ष 2 जुलाई से भगवान को 15 दिनों तक आराम करना होगा। साथ ही हल्का भोजन दिया जाएगा। जिसमें मंगू की दाल, दलिया, खिचड़ी का भोग लगाया जाएगा। इसके साथ ही दवा के रूप में जड़ी-बूटी और काढ़ा बनाकर दिया जाएगा। इस दौरान अब भगवान किसी भी भक्त को दर्शन नहीं देंगे। रथदोज के दिन 16 जुलाई को जगत्राथ स्वामी की रथयात्रा के दिन ही भगवान बाहर आएंगे और शहर भ्रमण कर अपने भक्तों को दर्शन करेंगे। इसके बाद कुछ दिनों तक भक्तों के घर ही निवास करेंगे।



### क्या है परंपरा

जगदीश स्वामी मंदिर के पुजारी पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग ने बताया कि भक्तमाल कथा के अनुसार भगवान के परम भक्त माधवदास को भगवान जगनाथ से मिलने की व्याकुलता हुई। जब उन्हें पता चला कि भगवान जगन्नाथ पुरी में हैं तो वह पैदल ही चल देते हैं। कई दिनों तक चलने के बाद वह भगवान के दर पर पहुंचते हैं और उनकी भक्ति में लीन हो जाते हैं। अपने भक्त को थका हारा एवं भूखा प्यासा देखकर भगवान जगन्नाथ अपने लिए लगाए गए भोग की थाली खिसका देते हैं। तब माधवदास भोग की थाली को एक जगह बैठकर भोजन करते हैं। इसी बीच मंदिर के पुजारी आकर माधवदास की खूब पिटाई करते हैं। अपने भक्त की हालत देखकर भगवान को काफी पीड़ा होती है और वह स्वयं ही अपने भक्त की पीड़ा को धारण कर लेते हैं। उसी दिन से भगवान को ज्वर आने के कारण बीमार पड़ जाते हैं। उसी समय से यह परंपरा चली आ रही है। भगवान जगन्नाथ स्वामी पुराना थाना पुरेना तालाब रथ यात्रा समिति दमोह ने आप सभी से 16 जुलाई को रथ यात्रा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

### शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों का उदासीन रवैया

# एजुकेशन पोर्टल की त्रुटि से शिक्षक परेशान, कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहीद प्रेमचंद शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, दमोह में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक (गणित) संजय सिंघई ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 में त्रुटि सुधार की मांग को लेकर कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन में बताया गया है कि संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी दमोह के आदेश के तहत उन्होंने 7 अप्रैल 2026 को शाला में गणित विषय के रिक्त पद पर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया था। इसके बावजूद एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर उक्त पद अब भी रिक्त प्रदर्शित हो रहा है। शिक्षक का कहना है कि वर्तमान में शिक्षा विभाग में स्थानांतरण प्रक्रिया जारी है। ऐसे में पोर्टल पर पद रिक्त दिखने के कारण किसी अन्य शिक्षक का स्थानांतरण उसी पद पर हो सकता है, जिससे उन्हें अनावश्यक प्रशासनिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित आवेदन देकर पोर्टल अपडेट कराने का अनुरोध किया गया, लेकिन अब तक सुधार नहीं हुआ। साथ ही शाला के प्रधान अध्यापक द्वारा भी पत्र के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी को इस समस्या के संबंध में अवगत कराया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण शिक्षक को परेशान होना पड़ रहा है। यहां तक की शिक्षक द्वारा पोर्टल पर अटेंडेंस भी दर्ज नहीं हो पा रही है जिससे वेतन मिलने भी परेशानी आ सकती है। शिक्षक इस समस्या से काफी परेशान है। जनसुनवाई में प्रस्तुत आवेदन के माध्यम से संजय सिंघई ने कलेक्टर से मांग की है कि जिला शिक्षा अधिकारी को एजुकेशन पोर्टल 3.0 में उनकी पदस्थापना तत्काल अपडेट कराने के निर्देश दिए जाएं, ताकि गणित विषय का पद रिक्त प्रदर्शित न हो और भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक समस्या उत्पन्न न हो।